DAY — 20 SEAT NUMBER | | | | | | |

2025 | III | 08 | 1500 | **J-431** | (H)

HISTORY (38)

Time : 3 Hrs. (11 Pages) Max. Marks : 80

सूचना : *(१) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।*

(२) दाहिनी ओर प्रश्नों के अंक दिए गए हैं।

(३) उत्तर पत्रिका में सभी आकृतियों के लिए सिर्फ पेन का ही उपयोग करें।

(४) प्रत्येक नए प्रश्न का उत्तर नए पृष्ठ से आरंभ कीजिए।

प्र. १. **(अ)** दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर पूर्ण विधान पुनः लिखिए : (६) **[१०]**

(१) अफ्रीकी महाद्वीप का नौ-परिचालन (भ्रमण) (circumnavigate) करने वाला प्रथम नाविक ——— था।

(अ) हेन्री द नेविगेटर

(ब) मार्को पोलो

(क) बार्थोलोम्यू डायस

(ड) कोलंबस

(२) इ.स. १९५५ में इंडोनेशिया के ———— में एशियाई व अफ्रीका राष्ट्र का प्रथम सम्मेलन आयोजित किया गया।

(अ) बांडुंग

(ब) पेरिस

(क) कोलंबो

(ड) मालदीव

(३) महर्षि विट्ठल रामजी शिंदे ने इस संस्था की स्थापना की –

(अ) रामकृष्ण मिशन

(ब) डिप्रेस्ड क्लासेस मिशन

(क) सत्यशोधक समाज

(ड) साइंटिफिक सोसाइटी

(४) डच लोगों ने अपना प्रथम उपनिवेश ———— में स्थापित किया था।

(अ) गोवा

(ब) सूरत

(क) मछलीपट्ट्नम

(ड) कालीकट

(५) प्रथम विश्वयुद्ध के पश्चात् विश्व में शांति स्थापित करने के लिए ———— संगठन स्थापित किया गया।

(अ) यूनेस्को

(ब) विश्व स्वास्थ्य संगठन

(क) सुरक्षा समिति

(ड) राष्ट्र संघ

(६) पेशवा बाजीराव प्रथम के छोटे भाई चिमाजी अप्पा ने वसई में ——— — को पराजित किया था।

(अ) अंग्रेजों

(ब) पुर्तगालियों

(क) फ्रांसीसियों

(ड) डचों

(ब) निम्न समूहों में से 'ब' गुट की गलत जोड़ियों को सुधारकर पुन: लिखिए : (४)

(१)

	'अ' गुट	'ब' गुट
(i)	क्रिस्टोफर कोलंबस	— अमेरिका की खोज
(ii)	वास्को-द-गामा	— चीन की खोज
(iii)	मंगो पार्क	— अफ्रीका की खोज
(iv)	ऐबल जॉनस्वा-टासमन	— न्यूजीलैंड की खोज

(२)

	'अ' गुट	'ब' गुट
(i)	आर्श बिशप	— मुख्य कार्यकारी अधिकारी
(ii)	शांसेलर	— न्यायाधीश
(iii)	वेदोर-द-फझेंद	— संपत्ति अधिकारी
(iv)	कपितॉंव	— कैप्टन

(३)

	'अ' गुट	'ब' गुट
(i)	सूर्य सेन	— बंगाल
(ii)	विनायक दामोदर सावरकर	— गुजरात
(iii)	रामसिंह कुका	— पंजाब
(iv)	श्यामजी कृष्ण वर्मा	— लंदन

(४)

	'अ' गुट	'ब' गुट
(i)	बर्मा इंडिपेंडेंस आर्मी	— आँग सॅन
(ii)	अखिल अफ्रीकी एकता सम्मेलन	— डब्ल्यू.ई.बी. ड्यूब्बा
(iii)	उपनिवेशों को स्वतंत्र निर्णय का अधिकार	— विंस्टन चर्चिल
(iv)	भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन	— महात्मा गाँधी

प्र. २. **(अ)** ऐतिहासिक स्थान, व्यक्ति, घटना, आदि संबंधी नाम लिखिए : (४) **[८]**

(१) इस रानी के शासन काल में इंग्लैंड की सागरी मुहिम को प्रोत्साहन दिया गया —

(२) डॉ. बाबा आढ़व द्वारा प्रारंभ किया गया आंदोलन —

(३) जापान द्वारा अमेरिका के इस नौसेना अड्डे पर हमला किया गया —

(४) यूरोप में अमेरिका के विरुद्ध सोवियत रूस ने कौन-सी संधि की —

(ब) दिए गए कारणों में से उचित कारण चुनकर विधान पूर्ण कीजिए : (४)

(१) छत्रपति शिवाजी महाराज ने नमक व्यापार को सुरक्षा देने के लिए कर लगाया कारण —

(अ) पुर्तगालियों का विरोध करने के लिए

(ब) अंग्रेज़ों का नमक व्यापार रोकने के लिए

(क) स्वराज्य के लिए पैसे जमा करने के लिए

(ड) उपनिवेशवाद का विरोध करने के लिए

(२) गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौजी के काल में भारतीय रियासतों में असंतोष बढ़ा कारण —

(अ) इसने जनता पर अन्यायकारी कर लागू किए थे।

(ब) इसने भारतीय व्यापार पर प्रतिबंध लगाया था।

(क) इसने रियासतकारों के दत्तक कानून को समाप्त किया था।

(ड) इसने भारतीय सैनिकों के वेतन कम किए थे।

(३) यूरोप में नाटो संगठन की स्थापना की गई कारण —

(अ) सोवियत रूस की विस्तारवादी नीति के विरोध में यूरोपीय राष्ट्रों को सैनिक संरक्षण देना।

(ब) एशिया में साम्यवाद का प्रसार रोकने के लिए

(क) पैसिफिक महासागर में व्यापार को करमुक्त करने के लिए।

(ड) यूरोपीय अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने के लिए।

(४) भारत सरकार ने सचिन तेंदुलकर को सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिया कारण —

(अ) उनको लोकसभा के सदस्य के रूप में चुना गया था।

(ब) सचिन तेंदुलकर ने क्रिकेट का व्यवसायीकरण किया था।

(क) भारतीय जनता ने सरकार से सचिन तेंदुलकर को 'भारत रत्न' देने की माँग की।

(ड) भारत सरकार ने सचिन तेंदुलकर के 'सौ शतक' कार्यों का विचार किया।

प्र. ३. **(अ)** दिए गए मानचित्र का निरीक्षण करके दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (५) **[१३]**



(१) भारत के पूर्व की ओर कौन-सा महासागर है?

(२) १८५७ के स्वतंत्रता संग्राम में भारत के पूर्व की ओर के एक स्थान का नाम लिखिए।

(३) श्रीलंका भारत की किस दिशा में है?

(४) १८५७ के स्वतंत्रता संग्राम में शामिल वर्तमान महाराष्ट्र के किसी एक स्थान का नाम लिखिए।

(५) अरब सागर में स्थित भारतीय द्वीप का नाम लिखिए।

(ब) निम्नलिखित अवधारणा चित्रों को पूर्ण कीजिए (कोई चार) : (८)

(१)



(२)



(३)



(४)


.....
स्वतंत्रता के बाद भारत में विलीन होने वाली रियासतें और उपनिवेश
.....
.....
.....

(५)


ब्रिक्स संगठन के सदस्य देश
.....
.....
ब्राजील
.....
.....

(६)


.....
तमिलनाडु
शुरुआत में डिस्ट्रिक्ट प्राइमरी एज्यू. प्रोग्राम (DPEP) कार्यान्वित करने वाले राज्य
असम
.....
.....
हरियाणा
.....

प्र. ४. **(अ)** संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए (कोई तीन) : (६) [१५]

(१) बोस्टन टी पार्टी

(२) ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी

(३) आर्य समाज

(४) भारत में नि:उपनिवेशीकरण

(५) स्पीड पोस्ट

(ब) निम्नलिखित विधान कारण सहित स्पष्ट कीजिए (कोई तीन) : (९)

(१) पुनर्जागरण के पूर्व काल में कैथोलिक चर्च लोगों के व्यक्तिगत जीवन को नियंत्रित करने वाली संस्था थी।

(२) बड़ौदा रियासत के महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ का सामाजिक योगदान महत्त्वपूर्ण है।

(३) विश्वयुद्धों का भारत पर विपरीत प्रभाव पड़ा।

(४) द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अफ्रीका में स्वतंत्रता के लिए आंदोलनों की गति तीव्र हुई।

(५) शीतयुद्ध शुरू हुआ।

प्र. ५. **अपना मत स्पष्ट कीजिए (कोई तीन) :** [९]

(१) यूरोपीय उपनिवेशवाद के कारण भारत का आर्थिक शोषण हुआ।

(२) फ्रांसीसियों ने मराठों की सैनिक सामर्थ्य में वृद्धि करने में सहायता की।

(३) महात्मा ज्योतिराव फुले महाराष्ट्र के आद्य समाज सुधारक थे।

(४) उपनिवेशवाद को समाप्त करने का श्रेय संयुक्त राष्ट्र को दिया जाता है।

(५) कोंकण में भाऊ काटदरे जी का कार्य महत्त्वपूर्ण है।

प्र. ६. निम्नलिखित प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए (कोई दो) : **[१०]**

(१) आर्थिक राष्ट्रवाद के स्वरूप व परिणाम विस्तारपूर्वक लिखिए।

(२) उमाजी नाईक के विद्रोह की जानकारी लिखिए।

(३) भारत सरकार की आरोग्य विषयक नीति स्पष्ट कीजिए।

प्र. ७. दिए गए मुद्दों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए (कोई तीन) : **[१५]**

(१) अंग्रेज़ों की एशिया में उपनिवेशवाद की नीति स्पष्ट कीजिए :

(अ) नेपाल

(ब) सिक्किम

(क) भूटान

(२) ब्रिटिश-मराठा संघर्ष की जानकारी लिखिए :

(अ) ब्रिटिश-मराठा प्रथम युद्ध

(ब) ब्रिटिश-मराठा द्वितीय युद्ध

(क) ब्रिटिश-मराठा तृतीय युद्ध

(३) द्वितीय महायुद्ध के लिए उत्तरदायी घटकों को स्पष्ट कीजिए :

(अ) वर्साय की संधि (versallies)

(ब) फांसीवाद और नाज़ीवाद

(क) राष्ट्रसंघ का अपयश

(४) 'गुटनिरपेक्षतावादी आंदोलन' स्पष्ट कीजिए :

(अ) 'गुटनिरपेक्षतावादी आंदोलन' का स्वरूप

(ब) गुटनिरपेक्षतावादी आंदोलन के निकष

(क) बेलग्रेड परिषद्

(५) भारत की युवाओं के संदर्भ में नीति स्पष्ट कीजिए :

(अ) राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम

(ब) राष्ट्रीय युवक दिन

(क) युवक प्रशिक्षण योजना

◆◆◆